प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 09.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज सरायकेला में आदित्यपुर इंडस्ट्रियल पार्क स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज अस्पताल का करेंगे उद्घाटन, राज्य को नए मेडिकल कॉलेज की मिलेगी सौगात।**
2. **न्यायमूर्ति एम. एस. सोनक लोक भवन में आज सुबह साढ़े नौ बजे मुख्य न्यायाधीश के रूप में लेंगे शपथ।**
3. **केंद्र सरकार सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलैस चिकित्सा उपचार योजना करेगी शुरू, दुर्घटना पीड़ित को अस्पताल पहुंचाने वालों को मिलेगा 25 हजार रूपये का ईनाम।**
4. **राज्यभर में शीतलहर का प्रकोप जारी, रांची और लोहरदगा में 10 जनवरी तक सभी स्कूलों में कक्षाएं स्थगित।**

और

5. **रांची में आयोजित हॉकी इंडिया लीग के आखिरी मुकाबले में मेजबान रांची रॉयल्स ने एसजी पाइपर्स को दो के मुकाबले पांच गोल से हराया।**

और अब समाचार विस्तार से

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज सरायकेला में आदित्यपुर इंडस्ट्रियल पार्क स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज अस्पताल का उद्घाटन करेंगे और राज्य को नए मेडिकल कॉलेज की सौगात देंगे। 650 बेड वाले सुपर मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में इसी सत्र से 100 एमबीबीएस छात्रों का नामांकन हुआ है और प्रबंधन ने जल्द 900 बेड का अस्पताल शुरू करने की तैयारी की है। नेताजी सुभाष ग्रुप के चेयरमैन मदन मोहन सिंह ने इसे राज्य के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है।

****

न्यायमूर्ति एम. एस. सोनक को झारखंड उच्च न्यायालय का नया मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। वे आज सुबह साढ़े नौ बजे मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार उन्हें पद की शपथ दिलाएंगे।

****

झारखंड में नगर निकाय चुनाव की तैयारी तेज हो गई है। अब नगर निकाय चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है। चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने कल अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में अधिकारियों को बताया गया कि सभी जिलों में वार्डो के आरक्षण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

****

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलबधि हासिल की है। प्रधानमंत्री ने 2015 में इस तंत्र का शुभारंभ किया था। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा के कारण बुनियादी ढांचागत

परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और मुद्दों का समाधान संभव हुआ है। इस विशेष श्रृंखला में हम शहरी परिदृश्य को बदलने में आवास और ढांचागत संबंधी पहल एक नजर डालेंगे।

****

सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस चिकित्सा उपचार योजना शुरू करेंगे। श्री गडकरी ने कल नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के परिवहन मंत्रियों और परिवहन विकास परिषद की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

श्री गडकरी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कम से कम सात दिन के लिए एक लाख 50 हजार रुपये तक का कैशलेस उपचार मिलेगा। सड़क दुर्घटना पीड़ित को अस्पताल पहुंचाने में मदद करने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये का ईनाम दिया जाएगा।

****

कैबिनेट की आज होने वाली बैठक में झारखंड अभियंत्रण नियुक्ति नियमावली के 334 थानों में सीसीटीवी लगाने सहित कई प्रस्ताव को स्वीकृति मिल सकती है। कैबिनेट की बैठक में करीब तीन दर्जन प्रस्तावों को रखे जाने की संभावना है। बैठक प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में दोपहर बाद होगी।

****

हजारीबाग पुलिस ने एक घर पर फायरिंग मामले में एक अपराधिक गिरोह के 10 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि राहुल दूबे गैंग के अपराधियों के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किए गए है।

****

पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने खूंटी में मृतक पड़हा राजा सोमा मुंडा के परिजनों से मुलाकात की। श्री मुंडा ने कहा कि सोमा मुंडा की हत्या की घटना दुखदायी है। प्रशासन को इस पर संज्ञान लेना चाहिए।

****

दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जन्मदिवस पर रविवार को खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 5 हज़ार विद्यार्थियों के साथ सीधा संवाद करेंगे। वह गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के बारे में 10वीं से 12वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं से बातचीत करेंगे।

****

पूरे राज्य में ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे के दौरान हजारीबाग में सबसे कम न्यूनतम तापमान 2 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आज और कल राज्य के नौ जिलों– गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, बोकारो, रामगढ़, लोहरदगा, गुमला, और लातेहार में शीतलहर का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इधर कड़ाके की ठंड को देखते हुए रांची और लोहरदगा जिला प्रशासन ने सभी कोटि के स्कूलों में 10 जनवरी तक कक्षाएं बंद कर दी है।

****

रांची में आयोजित हॉकी इंडिया लीग के अपने आखिरी मुकाबले में मेजबान रांची रॉयल्स ने दमदार प्रदर्शन करते हुए एसजी पाइपर्स को दो के मुकाबले पांच गोल से हराया। रांची रॉयल्स तीसरे स्थान पर रही। हालांकि रांची रायल्स की टीम अब खिताबी मुकाबले से बाहर हो चुकी है।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबरों ने राज्य में होने वाले निकाय चुनाव की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– पोड़ैयाहाट में मवेशी व्यापारी की पीट–पीट कर हत्या।

दैनिक भास्कर लिखता है– जेटेट की नियमावली का ड्राफ्ट तैयार, 9 साल बाद परीक्षा का रास्ता साफ।

दैनिक हिंदुस्तान ने लिखा है– निकाय चुनाव एसआईआर से नहीं होगा प्रभावित।

और

दैनिक जागरण की सुर्खी है तुर्की की तर्ज पर पतरातू में बनाई जाएगी दो फ्लोटिग सोलर हाउसबोट।

********समाप्त********